रजिस्ट्री सं. डीएल(एन)-04/0007/2003--05

REGISTERED No. DL(N)-04/0007/2003—05

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं॰ 46] नई दिल्ली, शनिवार, नवम्बर 17—नवम्बर 23, 2007 (कार्तिक 26, 1929)

No. 46] NEW DELHI, SATURDAY, NOVEMBER 17—NOVEMBER 23, 2007 (KARTIKA 26, 1929)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

भाग I—खण्ड-1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं 1061

भाग I—खण्ड-2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी को गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं 1137

भाग I—खण्ड-3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं 3

भाग I—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी को गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं ... 1773

भाग II—खण्ड-1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम ..... *

भाग II—खण्ड-1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ ..... *

भाग II—खण्ड-2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट ..... *

भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल है *

भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं..... *

भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिसमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप को उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)..... *

भाग II—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश ..... *

भाग III—खण्ड-1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं 5945

भाग III—खण्ड-2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टें और डिजाइनों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं और नोटिस 753

भाग III—खण्ड-3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं ..... *

भाग III—खण्ड-4—विधिक अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं 11459

भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस 693

भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला सम्पूरक ..... *

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए।

CONTENTS

PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court 1061

PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court 1137

PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence..... 3

PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence..... 1773

PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations..... *

PART II—SECTION 1A—Authoritative texts in Hindi languages of Acts, Ordinances and Regulations ..... *

PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills..... *

PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules including Orders, Bye-laws, etc. of general character issued by the Ministry of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)..... *

PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)..... *

PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories) ..... *

PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence ..... *

PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India 5945

PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs..... 753

PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners..... *

PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies..... 11459

PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies 693

PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi..... *

*Folios not received.

भाग I—खण्ड 1
[PART I—SECTION 1]
[(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं]
[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 15 अगस्त 2007

सं. 162-प्रेज/2007--राष्ट्रपति अति असाधारण वीरतापूर्ण कार्यों के लिए निम्नलिखित व्यक्तियों को "अशोक चक्र" प्रदान करने का अनुमोदन करती हैं :--

आईसी-62541 कैप्टन हर्षन आर
2 पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल) (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 20 मार्च 2007)

कैप्टन हर्षन आर उत्तर कश्मीर में विदेशी आतंकवादियों का लगातार खोजने का कार्य कर रहे थे। 07 मार्च 2007 को इस अफसर ने दुर्गम भू-भाग के बावजूद खोज कार्य के लिए अपने दल का शीघ्रता से गठन किया और अकेले ही दो आतंकवादियों को मार गिराया जिनमें से एक उत्तर कश्मीर में एक आतंकवादी गुट का मुखिया था।

20 मार्च 2007 को विशेष जानकारी के आधार पर कैप्टन हर्षन आँधी-पानी और लगातार बर्फबारी की परवाह न करते हुए अपनी सैन्य-टुकड़ी के साथ संदिग्ध मकान की ओर चल दिए और उसकी घेराबन्दी कर दी। 04.30 बजे चार आतंकवादियों ने घेराबन्दी तोड़ने का प्रयास किया और वे कैप्टन हर्षन और उनके साथी की तरफ गोलाबारी करते हुए दौड़ पड़े। संख्या में अधिक होने के बावजूद कैप्टन हर्षन ने धैर्य रखा और घटनास्थल पर एक आतंकवादी को मार गिराया परंतु गोली लगने से उनकी जंघा जख्मी हो गई। अपने जख्मों की परवाह न करते हुए उन्होंने असाधारण वीरता का प्रदर्शन करके दूसरे आतंकवादी को भी मार गिराया जो उन पर गोलीबारी कर रहा था। इस कार्रवाई में, दूसरी गोली लगने से उनकी गर्दन जख्मी हो गई। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उन्होंने आतंकवादियों को उलझाए रखा और अपने जख्मों के कारण वीरगति को प्राप्त होने से पहले उन्होंने तीसरे आतंकवादी को घायल कर दिया जो बाद में मारा गया।

कैप्टन हर्षन ने इन दो वीरतापूर्ण कार्यों में अदम्य साहस का परिचय दिया जिनमें उन्होंने व्यक्तिगत-तौर पर चार आतंकवादियों का सफाया किया।

कैप्टन हर्षन आर ने उच्चतम कोटि के नेतृत्व का परिचय दिया तथा अत्यंत विषम परिस्थितियों में असाधारण साहस का प्रदर्शन किया और आतंकवादियों के विरूद्ध लड़ते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया।

जेसी-593527 नायब सूबेदार चुनी लाल, वीर चक्र, सेना मैडल
8 जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैन्ट्री (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 24 जून 2007)

24 जून, 2007 का उत्तरी क्षेत्र में आतंकवादियों के एक गुट की संभावित घुसपैठ के बारे में सूचना मिलने पर नायब सूबेदार चुनी लाल ने मार्ग रोकने के लिए घात टुकड़ियों को पुनः व्यवस्थित किया। 07.00 बजे खोज कार्य की अगुवाई करते समय नायब सूबेदार चुनी लाल के छोटे दल पर छिपे हुए आतंकवादियों ने प्रभावी गोलीबारी की। उन्होंने तुरंत जवाबी कार्रवाई की और बच निकलने के सभी रास्तों को बन्द करने के लिए अपने सैनिकों को युक्ति से व्यवस्थित किया। शिलाखंडों के पीछे छिपे एक आतंकवादी को देखकर वे कुशलता से निकट गए और उसे बिल्कुल पास से गोली मार दी। दूसरे आतंकवादी ने उनके दल की हरकत देखी और कारगर गोलीबारी की जिसमें दो सैनिक घायल हुए। आतंकवादियों की ओर से कारगर गोलीबारी के बावजूद नायब सूबेदार चुनी लाल ने दोनों हताहतों को वहां से अकेले ही निकाल लिया। उन्होंने पुनः कमान संभाली और आगे तलाश शुरू की तथा दूसरे आतंवादी का सफाया कर दिया। यह देख अन्य आतंकवादियों ने संपर्क तोड़ने का प्रयास किया। आतंवादियों के बच निकलने की संभावना को भांपते हुए वे बच निकलने के रास्ते को रोकने के लिए शीघ्रता से आगे बढ़े। शेष आतंकवादियों ने कारगर गोलीबारी की। स्थिति की नाजुकता और अधिक हताहत होने की संभावना का महसूस करते हुए नायब सूबेदार चुनी लाल ने निर्भीकता से गोलीबारी की दिशा में हमला बोल दिया जिसके कारण घटनास्थल पर एक और आतंकवादी ढेर हो गया। तथापि, उनके ऊरु और पेट के निचले हिस्से में गोलियां लगने से कई जख्म हो गए। अत्यंत रक्तस्राव के बावजूद उन्होंने आतंकवादियों के बच निकलने के रास्तों को रोकते हुए उन पर गोलीबारी जारी रखी और अपने साथियों को आगे बढ़ने के लिए कहा जिसके परिणामस्वरूप बचे हुए दो दुर्दान्त आतंकवादियों का सफाया हुआ और बहुत से सैनिकों की जान बची।

नायब सूबेदार चुनी लाल ने व्यक्तिगत-तौर पर तीन आतंकवादियों का सफाया करके और इस संपूर्ण अभियान में कुल मिलाकर पांच आतंकवादियों को मार गिराने में अपने छोटे दल को प्रेरित करके असाधारण वीरता, साहस का प्रदर्शन किया और भारतीय सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप सर्वोच्च बलिदान दिया।

आईसी-48714 कर्नल वसंत वेनुगोपाल
9 मराठा लाइट इन्फैन्ट्री (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 31 जुलाई 2007)

कर्नल वसंत वेनुगोपाल जम्मू-कश्मीर के उड़ि क्षेत्र में ऊबड़-खाबड़ और दुर्गम भू-भाग में नियंत्रण रेखा पर तैनात एक बटालियन की कमान कर रहे थे।

30 जुलाई 2007 को नियंत्रण रेखा के पार से आतंकवादियों की घुसपैठ की सूचना मिलने पर कर्नल वसंत वेनुगोपाल ने सैनिकों की एक टुकड़ी की कमान व्यक्तिगत-तौर पर संभाली, तेजी से आगे बढ़े और आतंकवादियों के घुसपैठ करने वाले गुट को बीच में रोक दिया जो पता चल जाने पर नियत्रंण रेखा के पार पीछे से बच निकलने का प्रयास कर रहे थे। इस हलचल को पहले से भांपते हुए कर्नल वेनुगोपाल ने पक्के इरादे और दृढ़-नेतृत्व का परिचय देते हुए अपने सैनिकों को बच निकलने के रास्ते रोकने के लिए दक्षता से संगठित किया। घने बेल-बूटों का फायदा उठाकर आतंकवादियों ने भागकर जंगल में छिप जाने की कोशिश की। कर्नल वेनुगोपाल ने अपनी सैन्य टुकड़ी की सामने से अगुवाई की और आतंदवादियों पर निकटता से भीषण गोलीबारी करते हुए उन्हें उलझाए रखा। थका देने वाली यह लड़ाई पूरे दिन और रात चली परन्तु रात के अन्धेरे तथा बेल-बूटों की आड़ लेकर आतंकवादियों के बच निकलने के सभी प्रयास विफल करने में सफलता मिली। 31 जुलाई 2007 को सुबह कर्नल वेनुगोपाल ने पहली किरण का लाभ उठाने की इच्छा से अपने व्यक्तियों को इक्ट्ठा किया और उन आतंकवादियों को, जो मजबूत स्थिति बनाने में सफल हो गए थे, खदेड़ने के लिए इस अभियान की व्यक्तिगत-तौर पर अगुवाई की। आतंकवादी ठिकाने पर पीछे से हमला करते हुए कर्नल वेनुगोपाल ने निकट से आतंकवादियों को उलझाए रखा और एक आतंकवादी को मार गिराया परन्तु स्वयं जख्मी हो गए। अपनी चोट और अत्यंत रक्तस्राव की परवाह न करते हुए उन्होंने अपने व्यक्तियों को बच निकलने के सभी रास्तों को बन्द करने के लिए प्रोत्साहित किया और बचकर भाग निकलने की कोशिश कर रहे दूसरे आतंकवादी को मार गिराया। इसी बीच, एक आंतकवादी ने ताबड़-तोड़ गोलीबारी कर दी जिसमें कर्नल वेनुगोपाल को चोट आई। अपनी आखिरी बची हुए ऊर्जा को संजोते हुए अचेत होने से पहले कर्नल वेनुगोपाल ने निर्भीकता से आतंकवादी पर गोलीबारी की और उसे ढेर कर दिया। तथापि, अपने जख्मों के कारण वे बाद में वीरगति को प्राप्त हुए और मातृभूमि के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया।

इस प्रकार, कर्नल वसंत वेनुगोपाल ने उत्कृष्ट बहादुरी, साहस और अड़िग नेतृत्व का परिचय दिया जिसके परिणामस्वरूप, आठ विदेशी आतंकवादियों के पूरे गुट का सफाया करने में उनके व्यक्तियों ने दृढ़ निश्चय का परिचय दिया।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 163-प्रेज/2007--राष्ट्रपति असाधारण वीरतापूर्ण कार्यों के लिए निम्नलिखित व्यक्तियों को "कीर्ति चक्र" प्रदान करने का अनुमोदन करती हैं :--

श्री दयानंद पांडेय
उत्तर प्रदेश (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 01 अगस्त 2005)

01 अगस्त 2005 को 10.30 बजे डाक सहायक श्री दयानंद पांडेय बसखारी उप-डाकघर, फैज़ाबाद में ड्यूटी पर थे। अचानक तीन लुटेरे सरकारी धन को लूटने की मंशा से डाकघर में आ घुसे। उस समय डाकघर में 3,38,400/- रुपए की नकदी पड़ी थी। लुटेरों ने श्री पांडेय पर गोलियां चलाई। तथापि, अपनी चोटों की परवाह किए बिना श्री पांडेय ने बहादुरी के साथ लुटेरों का विरोध किया। श्री पांडेय के विरोध को देखते हुए लुटेरे कुछ नकदी लेकर भाग खड़े हुए। श्री पांडेय के साहसपूर्ण कार्य से धन के एक बड़े हिस्से का बचाव हुआ जिसके लिए उन्होंने अपनी जान की बाजी लगा दी।

श्री दयानंद पांडेय ने लुटेरों के साथ लड़ते हुए असाधारण साहस और बहादुरी का परिचय दिया और सरकारी धन को बचाने में अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।

श्री मोहम्मद शान अहमद
उत्तर प्रदेश (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 26 दिसम्बर 2005)

26 दिसम्बर 2005 को श्री मोहम्मद शान अहमद को, जो प्रधान डाकघर, झांसी (उ. प्र.) में रोकड़ निरीक्षक के रूप में तैनात किए गए थे, समीपस्थ स्टेट बैंक में 16,02,000/- रुपए जमा करने के लिए सौंपे गए थे। वे नकदी भरे थैले को उठाने वाले अन्य डाक-कर्मियों के साथ आटोरिक्शा में जा रहे थे जबकि चार अन्य डाक-कर्मी मोटर साइकल पर उनकी सुरक्षा में साथ चल रहे थे। जब ऑटोरिक्शा बैंक के निकट पहुंचा तो उस पर कुछ हथियारबंद शरारती तत्वों ने हमला कर दिया। ड्राईवर को लगी गोली देखकर साथ चल रहे व्यक्ति डर के मारे भाग खड़े हुए। फिर भी, श्री अहमद ने लुटेरों को थैला सौंपने से इंकार कर दिया और सरकारी धन की रक्षा करने के लिए तब तक बहादुरी के साथ लड़ते रहे जब तक उनके सीने में गोली नहीं आ लगी और उसके बाद वे गिर पड़े। लुटेरों ने उनके हाथों से थैला छीना और भाग खड़े हुए। श्री अहमद बाद में घातक चोटों के कारण वीरगति को प्राप्त हो गए।

श्री मोहम्मद शान अहमद ने असाधारण वीरतापूर्ण कार्य, अदम्य साहस और असाधारण कर्तव्यपरायणता, अपनी स्वयं की सुरक्षा की परवाह न करने का परिचय दिया और लुटेरों के विरूद्ध लड़ते अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया।

श्री तरुण कुमार दत्त
असम (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 12 सितम्बर 2006)

श्री तरुण कुमार दत्त ने शिलांग क्षेत्र में नशीले पदार्थों की तस्करी को जांच करने के लिए अनेक निर्भीक और तेज-तर्रार कार्रवाइयां की। वे 97,465 कि. ग्रा. गांजा, 100 कि. ग्रा. एफिड्रिन और 6.5 कि. ग्रा. हशीश की बरामदगी में सहायक थे। उन्होंने दुर्गम जंगलों, पर्वतीय भू-भागों और विद्रोहिता बाधित क्षेत्रों में संक्रियाओं का नेतृत्व किया। वे नशीले

पदार्थों के उत्पादक-संघों के विरुद्ध अपनी जान की परवाह किए बिना नशीले पदार्थों की तस्करी की महामारी का उन्मूलन करने के उद्देश्य से कार्य कर रहे थे। ऐसा करते हुए माफिया ने उन्हें अपना निशाना बना लिया था और उन्हें 12 सितम्बर 2006 को मार दिया।

श्री तरुण कुमार दत्त ने अपने पूरे सेवाकाल में बेजोड़ कर्तव्यपरायणता, असाधारण साहस और उत्कृष्टता का परिचय दिया और राष्ट्र के हित में अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।

3995047 नायक राधाकृष्णन सी.
10 मद्रास रेजिमेंट (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 18 अक्तूबर 2006)

18 अक्तूबर 2006 को 07.00 बजे कुपवाड़ा जिले (जम्मू-कश्मीर) के एक क्षेत्र में निगरानी टुकड़ी ने संदिग्ध हलचल देखी। बच निकलने के रास्तों पर अवरोध लगा दिए गए थे और सघन तलाशी शुरू की गई थी। नायक राधाकृष्णन सी. तलाशी दल के कमांडर थे।

जब दुर्गम भू-भाग में सफाया अभियान जारी थे तो नायक राधाकृष्णन सी. को आतंकवादियों का पता चला और संदिग्ध हलचल देखी और तत्काल आसपास के अन्य तलाशी दलों को इसकी सूचना दी। चूंकि प्रतिक्रिया के लिए अधिक समय नहीं था इसलिए नायक राधाकृष्णन तत्काल झाड़ियों में कूद पड़े और उन आतंकवादियों के साथ संपर्क साधने की कोशिश की जो घेरे को तोड़कर बच निकलने की कोशिश कर रहे थे। निकट से जारी गोलीबारी में उन्होंने एक आतंकवादी को मार गिराया। परन्तु इस कार्रवाई के दौरान आतंकवादियों पर साहसिक हमले में व गंभीर रूप से जख्मी हो गए। अन्य आतंकवादियों ने बहादुर सिपाही की आक्रामक भावना और निर्भीक इच्छाशक्ति को भांपते हुए उन पर अंधाधुंध गोलीबारी करके और हथगोले फैंककर संपर्क तोड़ने का प्रयास किया। दोनों ओर से भारी गोलीबारी और अपनी चोटों की गंभीरता के बावजूद नायक राधाकृष्णन ने निकट संपर्क बनाए रखा, आतंकवादियों पर वापस गोलीबारी की तथा उन पर शिकंजा कस दिया। उसके बाद साहस, धैर्य और पक्के इरादे का परिचय देते हुए वे रेंगकर आगे बढ़े और आतंकवादियों पर हथगोले फैंके जिससे अन्य दो आतंकवादी मारे गए। संपूर्ण गोलीबारी के दौरान नायक राधाकृष्णन ने घायल होने के बावजूद वापस आने अथवा चिकित्सा सहायता के लिए ले जाए जाने से इंकार कर दिया। नायक राधाकृष्णन को बाद में वहां से विमान द्वारा ले जाया गया परन्तु अपने जख्मों के कारण मार्ग में ही उनकी मृत्यु हो गई और मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया।

नायक राधाकृष्णन सी. ने आतंकवादियों के विरूद्ध लड़ते हुए अपनी जान को जोखिम में डालकर असाधारण वीरता, अडिग धैर्य और दृढ़ साहस का परिचय दिया।

आईसी-67341 लेफ्टिनेंट पंकज कुमार
7/11 गोरखा राइफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 05 अप्रैल 2007)

क्षेत्र में आतंकवादियों की संभावित हलचल की पक्की सूचना के आधार पर लेफ्टिनेंट पंकज कुमार पूर्वी क्षेत्र के एक क्षेत्र में 05 अप्रैल, 2007 को 01.00 बजे एक तलाशी और विध्वंसक मिशन पर एक दल के साथ रवाना हुए।

जब लेफ्टिनेंट पंकज कुमार दो अन्य रैंकों के साथ तलाशी के लिए एक झोंपड़ी की ओर बढ़ रहे थे तो झोंपड़ी से दो आतंकवादी गोलीबारी करते हुए बाहर कूदे। एक आतंकवादी ने इस अफसर पर एक हथगोला भी फैंका। लेफ्टिनेंट पंकज कुमार ने तत्काल जवाबी गोलीबारी की और भीषण गोलाबारी में एक आतंकवादी को ढेर कर दिया।

इसी बीच, नजदीक की झोंपड़ियों में छिपे हुए छह अन्य आतंकवादियों ने भी गोलीबारी शुरू कर दी और पास के जंगल की ओर भागना शुरू कर दिया। लेफ्टिनेंट पंकज कुमार ने भाग रहे आतंकवादियों पर भारी मात्रा में सटीक गोलीबारी करते समय अपने घेरे को पुनर्व्यवस्थित किया। इन्होंने जंगल में लगभग 1.5 कि. मी. से अधिक दूरी तक दो आतंकवादियों का पीछा किया और उनके द्वारा हथगोला फैंके जाने के बावजूद उन्हें मार गिराया।

लेफ्टिनेंट पंकज कुमार ने आतंकवदियों के विरुद्ध लड़ते हुए असाधारण वीरता, अनुकरणीय नेतृत्व और निःस्वार्थ समर्पण भावना का परिचय दिया।

एसएस-41287 कैप्टन अभिनव हाण्डा
9, मराठा लाइट इन्फैन्ट्री

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 31 जुलाई 2007)

30 जुलाई, 2007 को जम्मू-कश्मीर के उड़ि क्षेत्र में नियंत्रण रेखा के पार से आतंकवादियों की घुसपैठ की सूचना के आधार पर कैप्टन अभिनव हाण्डा शीघ्रता से घटना स्थल की ओर चल दिए और उस घातक दल की कमान कर रहे थे जिसने आतंकवादियों का पीछा करके घेराबंदी की और उसके बाद उन आतंकवादियों के सफाए के अभियान चलाए जो छोटा काजीनाग धार की दुर्गम जोखिमभरी अत्यधिक ऊंची पहाड़ियों में चट्टानी गुफा में छिपने में सफल हो गए थे। इस अभियान के आगे बढ़ने के साथ-साथ आतंकवादियों के साथ सघन गोलीबारी हुई और थका देने वाली यह लड़ाई बहत्तर घंटे चली। इस अवधि के दौरान कैप्टन हाण्डा लगातार सटीक कवरिंग फायर की हिदायत देते रहे जिससे उनके कमान अफसर के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई सैन्य-टुकड़ी तीन आतंकवादियों का सफाया कर सकी। 31 जुलाई, 2007 को आतंकवादियों की गोली लगने से कमान अफसर के बहादुरी के साथ गिर पड़ने के बाद कैप्टन हाण्डा ने अनुकरणीय नेतृत्व क्षमता, मानसिक दक्षता, जमीन पर संक्रिया का कार्यभार लेने के लिए अत्यंत विषम स्थितियों में धैर्य का परिचय दिया। चट्टानी गुफा के भीतर खंदकों से आतंकवादी हथगोलों और स्वचालित राइफलों से निचली ओर हमारे सैनिकों पर लगातार कारगर गोलीबारी कर रहे थे। सूझबूझ का परिचय देते हुए कैप्टन हाण्डा आतंकवादियों के ठिकाने के निकट गए और भीषण गोलीबारी के बाद एक विदेशी आतंकवादी को मार गिराने में सफल हुए।

कैप्टन अभिनव हाण्डा ने अत्यंत प्रतिकूल स्थितियों में उत्कृष्ट नेतृत्व, अडिग साहस का परिचय दिया और आगे रहकर नेतृत्व करते हुए इस संक्रिया को सफलतापूर्वक नियंत्रित किया।

बरुण मित्रा
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं. 164-प्रेज/2007--राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को उनकी वीरतापूर्ण कार्यों के लिए "शौर्य चक्र" प्रदान करने का अनुमोदन करती हैं :--

737836 सार्जेंट जय प्रकाश शुक्ला
लिपिक सामान्य ड्यूटी (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 23 अगस्त 2006)

सार्जेंट जय प्रकाश शुक्ला वायुसेना स्टेशन, उतरलाई (बाड़मेर) में पिचोरा स्क्वाड्रन की तैनात नफरी में शामिल थे। बाड़मेर जिले में लगातार बरसात हुई और बाढ़ आ गई। 23 अगस्त, 2006 को सार्जेंट शुक्ला यूनिट के अन्य वायु योद्धाओं के साथ इस स्टेशन पर कार्यरत कुछ सिविलियनों के परिवारों की सहायता करने के लिए निकटवर्ती गावों में गए।

लौटते समय कुछ ग्रामीणों ने पेड़ों के शिखर पर बैठे तथा बाढ़ में जीवन के लिए संघर्ष कर रहे चार व्यक्तियों को बचाने के लिए वायु योद्धाओं से अनुरोध किया। बाढ़ के अशांत पानी के खतरनाक ऊंचे स्तर से व्यक्तियों को बचाने का कार्य अत्यधिक चुनौतीपूर्ण तथा स्पष्ट रूप से जोखिमपूर्ण था। बाढ़ के वेगपूर्ण जलप्रवाह में प्रवेश करने की जब दल के अन्य सदस्यों की हिम्मत नहीं हुई तो एक सैनिक की सच्ची परम्परा के अनुरूप सार्जेंट शुक्ला स्वेच्छा से इन व्यक्तियों को बचाने के लिए तैयार हो गया। असहाय व्यक्तियों, जो बह जाने के खतरे में थे, को बचाने के एक एकनिष्ठ उद्देश्य से वेव बाढ़ के 20 फुट गहरे पानी की प्रबल धारा में तैरने लगे। तथापि, लगभग 100 मीटर तक तैरने के बाद वे पानी के भंवर में फंस गए तथा अपने आप को निकाल नहीं सके। उनका शव दो दिन बाद बरामद किया गया था।

सार्जेंट जय प्रकाश शुक्ला ने चरम परिस्थितियों में अद्वितीय साहस और वीरता का प्रदर्शन किया तथा साथी नागरिकों का बचाने का प्रयास करते समय सर्वोच्च बलिदान दिया।

15481089 सवार सुलतान सिंह
कवचित कोर/24 राष्ट्रीय राइफल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 30 अगस्त 2006)

30 अगस्त, 2006 को श्रीनगर में एक पुल को पार करने की आतंकवादियों की संभावना के बारे में सूचना मिली थी। सवार सुलतान सिंह पुल के निकट प्रतीक्षा कर रहे घात दल में शामिल थे। आतंकवादी उनके स्थान के बहुत निकट पुल के पास पीछे से पहुंचे। उन्होंने आतंकवादियो के केवल दो मीटर दूर रह जाने तक गोलीबारी न करके अपनी आयु और सेवा से बढ़कर रणनीतिक कुशाग्रता का प्रदर्शन किया। शुरू हुई सघन गोलीबारी में सवार सुलतान सिंह ने लगभग आमने-सामने की लड़ाई में एक आतंकवादी को मार गिराया जबकि स्वयं को भी गोलियों के अनेक घाव लगे। अत्यधिक रक्तस्राव के बावजूद तथा अपने दर्द तथा घावों की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए उन्होंने दूसरे आतंकवादी की गोलियों की बौछार का सामना किया जोकि मारे गए आतंकवादी के कुछ मीटर पीछे था। असाधारण बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए सवार सुलतान सिंह दूसरे आतंकवादी से भिड़ गए जो भौंचक्का रह गया तथा वह घात दल के अन्य सदस्यों को नुकसान पहुंचा पाता उससे पहले उसे मार गिराया। बाद में, सवार सुलतान सिंह अपने घावों के कारण वीरगति को प्राप्त हो गए।

सवार सुलतान सिंह ने अदम्य साहस तथा असाधारण वीरता का प्रदर्शन किया तथा राष्ट्र के लिए आतंकवादियों के विरुद्ध लड़ते हुए बलिदान दिया।

एसएस-40823 कैप्टन सुनील यादव
सिग्नल को/26 राष्ट्रीय राइफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 18 सितम्बर 2006)

18 सितम्बर, 2006 को डोडा (जम्मू-कश्मीर) जिले के एक गांव के मकई के एक खेत में आतंकवादियों के छिपने के ठिकाने का पता लगाने तथा उसे नष्ट करने के लिए कैप्टन सुनील यादव के अधीन एक संक्रियात्मक सैन्य टुकड़ी ने अभियान शुरू किया था।

कैप्टन सुनील यादव चुपचाप निकट आए तथा पार्टियों को मकई के खेत में छिपा दिया जो लगभग सोलह घंटे तक छिपी रहीं। निकटवर्ती मकई के खेत में आतंकवादियों के उपस्थित होने की पुष्टि होने पर एक पार्टी को सामने आने के लिए कहा गया। अपने आपको घिरा हुआ पाने पर आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी तथा मकई के खेत से भाग गए। कैप्टन सुनील यादव ने अनुकरणीय पहलशक्ति का प्रदर्शन करते हुए अपनी स्थिति को पुनर्व्यवस्थित किया, एक चट्टान के पीछे आड़ ली तथा एके-47 से गोलियों की भारी बौछार करके दो आतंकवादियों को मार गिराया। तीसरा आतंकवादी मकई के खेत में भाग गया। कैप्टन सुनील यादव ने व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना मकई के खेत में आतंकवादी का पीछा किया तथा अकेले ही उसको मार गिराया।

कैप्टन सुनील यादव ने आतंवादियों के विरुद्ध लड़ाई में भारतीय सेना की सर्वोत्तम परम्परा के अनुरूप उत्कृष्ट बहादुरी, अदम्य साहस तथा असाधारण कोटि की व्यक्तिगत वीरता का प्रदर्शन किया।

एसएस-41969 लेफ्टिनेंट कृष्ण दयाल सिंह राठौर
तोपखाना रेजिमेंट/42 फील्ड रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 24 सितम्बर 2006)

लेफ्टिनेंट कृष्ण दयाल सिंह राठौर ने जिला तिनसुकिया, असम के एक गांव में अपने स्रोतों द्वारा पुष्ट आसूचना के आधार पर 24 सितम्बर 2006 को एक घेराबंदी तथा खोज ऑपरेशन शुरू किया।

घेराबंदी रात को की गई थी और उसे सवेरे पुन: व्यवस्थित किया गया था। लेफ्टिनेंट राठौर के नेतृत्व में एक पार्टी ने घर-घर की तलाशी शुरू की। 1400 बजे जब पार्टी एक संदिग्ध घर में पहुंची तो उस पर गोलीबारी की गई तथा घर के अंदर से एक हथगोला फेंका गया। एक आतंकवादी का सही पता लगने पर लेफ्टिनेंट राठौर ने उसको गोली से तुरंत उड़ा दिया। उस समय हथगोला उनके नजदीक फटा तथा उनको छर्रों के अनेक घाव लगे। दूसरे आतंकवादी ने घर के अंदर से हमारी टीम पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। स्वयं की सुरक्षा की परवाह किए बिना, एक अन्य रैंक द्वारा मुहैया कराई गई गोलीबारी की आड़ लेकर, यह अफसर अपने साथी के साथ घर के अंदर प्रविष्ट हुआ तथा दूसरे आतंकवादी, जिसने उनकी ओर दूसरा हथगोला फेंका था, के निकट जाकर उसे गोलीबारी करके घायल कर दिया। इस प्रकार घायल होने तथा अत्यधिक रक्तस्राव के बावजूद इस अफसर ने एक दुर्दांत आतंकवादी को घेरकर मार डाला तथा एक अन्य आतंकवादी को घायल कर दिया जिसके फलस्वरूप बड़ी

मात्रा में हथियारों, गोलाबारूद, विस्फोटकों तथा भारी मात्रा में नकदी बरामद की गई।

लेफ्टिनेंट कृष्ण दयाल सिंह राठौर ने आतंकवादियों के विरुद्ध लड़ाई में जीवन के प्रति गंभीर खतरे के बावजूद असाधारण वीरता तथा अदम्य साहस का प्रदर्शन किया।

4281832 सिपाही राहुल
4 बिहार रेजिमेंट (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 07 अक्तूबर 2006)

07 अक्तूबर, 2006 को मध्यरात्रि में जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के क्षेत्र में घातक प्लाटून की एक घुसपैठीय दल से मुठभेड़ हो गई जिसके परिणामस्वरूप एक आतंकवादी मारा गया तथा इसके बाद रात भर भिडंत जारी रही। सैनिकों की तैनाती की पुनर्व्यवस्था करते समय 8 अक्तूबर को सवेरे सिपाही राहूल के कट ऑफ ग्रुप ने जंगल में उनके ऊपर 10-15 मीटर की ऊंचाई पर एक आतंकवादी को मोर्चा संभालते हुए देखा। सम्पूर्ण पार्टी के लिए उत्पन्न हुए खतरे का भांपते हुए अपने साथी के साथ सिपाही राहूल ने आतंकवादी के और निकट पहुंचने का निर्णय लिया। तथापि, खुले में और नीचे होने के कारण, आतंकवादी को उनकी आवाजाही का पता लग गया तथा एके-47 से उन पर गोलीबारी कर दी। सिपाही राहूल की छाती में गोलियों की बौछार लगी तथा वे गंभीर रूप से घायल हो गए। तथापि, घावों की परवाह किए बिना उन्होंने अद्वितीय साहस का प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ना जारी रखा तथा अंत में समस्त सैनिकों पर कहर बरपा रहे आतंकवादी को मार गिराया। इस कार्रवाई के दौरान, सिपाही राहूल अपने घावों के कारण वीरगति को प्राप्त हो गए।

सिपाही राहूल ने अत्यंत प्रतिकूल परिस्थितियों में अनुकरणीय तथा अदम्य साहस और असाधारण बहादुरी का परिचय दिया तथा भारतीय सेना की उच्चतम परम्परा के अनुरूप सर्वोच्च बलिदान दिया।

15326453 सैपर शिंदे रामचन्द्र शिवाजी
इंजीनियर कोर/44 राष्ट्रीय राइफल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 12 अक्तूबर 2006)

विशेष सूचना प्राप्त होने पर जम्मू-कश्मीर के जिला पुलवामा के एक क्षेत्र की घेराबंदी की गई थी जिसमें लक्षित घर के ठीक सामने स्थित एक स्कूल भी शामिल था जिसको घेरना अपरिहार्य हो गया था। सैपर शिंदे रामचन्द्र शिवाजी वाले दल ने निर्दोष लोगों के जीवन के प्रति आसन्न खतरे को भांपते हुए फंसे हुए लगभग 1400 स्कूली बच्चों को शीघ्रता से सुरक्षित स्थान पर ले जाना सुनिश्चित किया। सैपर शिंदे ने स्वेच्छा से यह कार्य करना चाहा। बच्चों के अंतिम समूह को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाते समय, बच निकलने की फिराक में आतंकवादियों ने उस पर गोलीबारी कर दी। स्थिति की नज़ाकत का मूल्यांकन करते हुए उन्होंने गोलीबारी का जवाब देने में संयम बरता तथा एकत्र हुए बच्चों के साथ तुरंत खतरे वाले क्षेत्र से बाहर कूद गए। इस कार्य के दौरान वे घायल हो गए।

घावों के बावजूद उन्होंने सुरक्षित स्थान पर जाने से इंकार कर दिया तथा आतंकवादियों का पता लगाने में, जो एक दूसरे घर में घुस गए थे, एक टर्नकी के रूप में कार्य किया। 1830 बजे आतंकवादियों ने घेराबंदी को तोड़ने के लिए भारी गोलीबारी की। उन्होंने अडिग रहते हुए कारगर गोलीबारी करके आतंकवादियों की वहीं दुबके रहने पर विवश कर दिया। इस प्रकार हुई गोलीबारी की लड़ाई में वे निर्भयता और बहादुरी से आगे बढ़े, उन्हें व्यक्तिगत सुरक्षा की बिल्कुल परवाह नहीं थी तथा उन्होंने अचूक गोलीबारी से एक विदेशी सहित दोनों आतंकवादियों को मार गिराया। वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे तथा बाद में सेना की उपयुक्त परम्परा के अनुरूप शहीद हो गए। उनके साहस, वीरता तथा मानवता के प्रति अत्यधिक सहानुभूमि के कारण सैकड़ों निर्दोष लोगों की जान बच सकी तथा आतंकवादियों का सफाया सुनिश्चित हो सका।

सैपर शिंदे रामचन्द्र शिवाजी ने अनुकरणीय साहस, मानव-भलाई के प्रति अत्यधिक समर्पण तथा उच्च कोटि की असाधारण वीरता का प्रदर्शन किया तथा आतंकवदियों के विरुद्ध लड़ाई में सर्वोच्च बलिदान दिया।

जेसी-439107 सूबेदार मनोहर पी
10 मद्रास रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 18 अक्तूबर 2006)

18 अक्तूबर, 2006 को 0700 बजे जिला कुपवाड़ा (जम्मू-कश्मीर) के एक जंगल में किसी स्थान पर निगरानी सैनिक टुकड़ी ने संदिग्ध गतिविधि को देखा। सघन तलाशी अभियान शुरू किया गया। सूबेदार मनोहर पी के नेतृत्व में तलाशी पार्टी ने पांच आतंकवादियों का पता लगाया। महत्व और व्यावसायिक कुशाग्रता का परिचय देते हुए ये जेसीओ आतंकवादियों के निकट आए तथा उनको दबोच लिया। गोलीबारी की इस लड़ाई में तीन आतंकवादियों का सफाया हुआ। तथापि, गोली लगने से घायल इनका साथी आतंकवादियों की गोलीबारी की चपेट में आ गया। व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना सूबेदार मनोहर पी रेंगकर घटनास्थल पर पहुंचे तथा अपने साथी को मुठभेड़ स्थल से बाहर निकाला तथा सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने में मदद की।

सूबेदार मनोहर पी ने अपनी पार्टी को पुनः व्यवस्थित किया, पत्थरों के पीछे छिप गए आतंकवादियों का पीछा किया, चुपके से उनके छिपने के स्थान तक पहुंचे तथा हथगोले फैंककर और व्यक्तिगत हथियार से गोली चलाकर एक आतंकवादी का सफाया कर दिया। घनी झाड़ियों तथा अंधेरे का फायदा उठाकर एक अन्य आतंकवादी जंगल में भाग गया। सूबेदार मनाहेर पी ने सघन खोज जारी रखी तथा 20 अक्तूबर 2006 को आतंकवादी का पता लगाया तथा अपनी पार्टी को शीघ्रता से पुनः व्यवस्थित किया। आतंकवादी की सीधी गोलीबारी की बौछार में होने के कारण सूबेदार मनोहर पी ने अपनी स्थिति पुनः संभाली तथा अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए निकट से आतंकवादी का सफाया कर दिया।

सूबेदार मनोहर पी ने आतंकवादियों के विरुद्ध लड़ाई में अद्भुत बहादुरी, बेहतरीन नेतृत्व तथा अपनी सुरक्षा में डालकर निःस्वार्थ कर्त्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया।

2693628 लांस नायक ज्योतिष प्रकाश
ग्रेनेडियर्स/39 राष्ट्रीय राइफल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 26 अक्तूबर 2006)

26 अक्तूबर, 2006 से 29 अक्तूबर, 2006 के दौरान पुंछ जिला (जम्मू-कश्मीर) के एक गांव में चलाए गए एक ऑपरेशन हेतु लांस नायक ज्योतिष प्रकाश कंपनी कमांडर क्लोज ग्रुप में शामिल थे।

तलाशी के दौरान लांस नायक ज्योतिष प्रकाश ने दो आतंकवादियों का पता लगाया जो भाग कर नाले में पत्थरों के पीछे छिप गए थे। वे तुरंत ही आतंकवादियों के निकट पहुँचे तथा भाग रहे एक आतंकवादी को मार गिराया। घनी झाड़ियों तथा पत्थरों में छिपे शेष आतंकवादियों का पता लगाने तथा उनका सफाया करने के लिए एक तलाशी अभियान शुरू किया गया था। तलाशी के दौरान लांस नायक ज्योतिष प्रकाश ने तलाशी पार्टी से मुश्किल से दो से तीन मीटर की दूरी पर एक आतंकवादी का पता लगाया। अपने साथियों के प्रति आसन्न खतरे को भांपते हुए, व्यक्तिगत सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह किए बिना, लांस नायक ज्योतिष प्रकाश अंधाधुंध गोलीबारी के बावजूद उस पर टूट पड़े तथा बिल्कुल नजदीक से उसका सफाया कर दिया परन्तु बाद में वे घावों के कारण वीरगति को प्राप्त हो गए।

लांस नायक ज्योतिष प्रकाश ने आतंकवादियों के विरुद्ध लड़ाई में अदम्य साहस, असाधारण बहादुरी तथा अपने साथियों को बचाने के लिए अपनी सुरक्षा की कतई भी परवाह न करने का परिचय दिया तथा भारतीय सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप अपने जीवन का बलिदान दिया।

15325573 सैपर बाबूराम वीरण्णा पट्टार
5 इंजीनियर रेजिमेंट (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 04 नवम्बर 2006)

सैपर बाबूराम वीरण्णा पट्टार आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले के पेडाना गांव के निकट तैनात बाढ़ राहत/बचाव दल में शामिल थे। 04 नवम्बर 2006 को लगभग 1500 बजे वह 5 इंजीनियर रेजिमेंट के तीन सैन्य कार्मिकों तथा अन्य आठ सिविलियनों के साथ, बाढ़ ऑपरेशन के भाग के रूप में, बोट असाल्ट यूनिवर्सल टाइप 1ए (बीएयूटी) में बाढ़ के जल से घिरे एक गांव की ओर जा रहे थे। रास्ते में नावे की आउट बोर्ड मोटर (ओबीएम) पानी के अंदर लगे मछुआरे के जाल में उलझ गई तथा ओबीएम रुक गई।

पानी के तेज प्रवाह के कारण नाव एक नाले में बह गई तथा पुल के कंक्रीट से टकरा गई। बचाव दल द्वारा न डरने की बार-बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद सिविलियन डर गए तथा नाव को रोक दिया जिसके फलस्वरूप नाव पलट गई। सिविलियन बाढ़ के पानी में गिर गए। इस स्थिति में बाबूराम वीरण्णा पट्टार ने, व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना एक हाथ से तैरते हुए तथा साथ-साथ दूसरे हाथ से सिविलियन महिला को उठाकर उसकी सहायता की। फिर अपने सिर में चोट लगने तथा पानी के तेज प्रवाह में समुद्री अपतृण और पुल के टी बीमों से टकराने से पहले उन्होंने बाढ़ के पानी में डूब रहे एक विधायक सहित दो और व्यक्तियों की जानें बचाई तथा अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। बाद में 09 नवम्बर 2006 को उनके पार्थिव शरीर को पुल-स्थल से बरामद किया गया।

इस प्रकार, सैपर बाबूराम वीरण्णा पट्टार ने साधारण किस्म से परे कर्त्तव्यपरायणता का निष्पादन करते समय उच्च दर्जे की वीरता तथा असाधारण साहस का प्रदर्शन किया तथा सिविलियनों को बचाने के प्रयास में सर्वोच्च बलिदान दिया।

14912497 कंपनी हवलदार मेजर रमेश चन्द्रा पान्डे
मैकेनाइज्ड इन्फैन्ट्री/26 राष्ट्रीय राइफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 08 नवम्बर 2006)

डोडा जिला (जम्मू-कश्मीर) के एक गांव के एक घर में आतंकवादियों के छिपने के ठिकाने को नष्ट करने हेतु कंपनी हवलदार मेजर रमेश चन्द्रा पान्डे में 08 नवम्बर 2006 को ऑपरेशनल कॉलम शुरू किया गया था। आतंकवादियों की उपस्थिति की पुष्टि होने पर वे तुरंत मानसिक रूप से तैयार हुए तथा लक्षित घर को 1430 बजे घेर लिया। उन्होंने सिविलियनों को सुरक्षित क्षेत्रों में पहुंचाया तथा आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। अपने आप को घिरे हुए पाकर आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी तथा हमारे कॉलम पर हथगोले फेंके। कंपनी हवलदार मेजर पान्डे की दाईं जांघ पर छर्रों के घाव लगे परन्तु उन्होंने सुरक्षित स्थान पर ले जाए जाने से इंकार कर दिया तथा और आगे बढ़ गए। व्यक्तिगत सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह किए बिना, ये गोलीबारी के बीच अपने साथी के साथ रेंगकर आगे बढ़े, हथगोले फेंके तथा गोलियों की बौछार करके एक आतंकवादी को बिल्कुल नजदीक से मार गिराया। एक अन्य आतंकवादी बच निकलने की फिराक में गोलीबारी करते हुए बाहर आया तथा वह दरवाजे पर आड़ दे रहे कंपनी हवलदार मेजर पान्डे द्वारा मौके पर ही मारा गया।

कंपनी हवलदार मेजर रमेश चन्द्रा पान्डे ने आतंकवादियों के विरुद्ध में असाधारण बहादुरी, अदम्य साहस तथा उच्च कोटि की व्यक्तिगत वीरता का प्रदर्शन किया।

आईसी-59741 मेजर अमन ओबेरोय
कवचित कोर/22 राष्ट्रीय राइफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 23 दिसम्बर 2006)

मेजर अमन ओबेरोय राष्ट्रीय राइफल बटालियन की कंपनी के कमान अफसर थे। 23 दिसम्बर 2006 को इस अफसर ने सोपुर जिला (जिला-कश्मीर) के एक गांव में दो आतंकवादियों के उपस्थित होने के बारे में बड़ी मेहनत से अचूक आसूचना प्राप्त की। इस अफसर ने बटालियन मुख्यालय को सूचना दी तथा ये स्वयं त्वरित कार्रवाई दल के साथ शीघ्रता से आगे बढ़े तथा लक्षित घरों को घेर लिया जिससे सब हतप्रभ रह गए। घेरे को सुदृढ़ करके और अधिक कसा गया।

1730 बजे जब तलाशी ली जा रही थी आतंकवादियों ने पक्के घरों से सैनिकों पर भारी गोलीबारी की। चूंकि सूर्य अस्त होने को जा रहा था, मेजर ओबेरोय लक्षित घर की खिड़की के पास रेंगकर गए तो उनके हेलमेट पर आतंकवादियों की गोलियां लगीं। व्यक्तिगत जीवन की बिल्कुल भी परवाह किए बिना, यह अफसर आतंकवादियों की गोलीबारी का सामना करते हुए, रेंगकर एक से दूसरे कमरे में गए, कमरे के अंदर हथगोला फैंका तथा कारगर कक्ष अंतरारोधन तकनीकों का इस्तेमाल करते हुए इन्होंने कमरे में प्रवेश किया तथा बिल्कुल नजदीक से एक संगठन के दो आतंकवादियों को मार गिराया। आतंकवादियों से बड़ी संख्या में हथियार तथा गोलाबारूद बरामद किए गए।

मेजर अमन ओबेरोय ने आतंकवादियों के विरुद्ध लड़ाई में अचूक आसूचना प्रबंधन, अदम्य साहस तथा उत्कृष्ट नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

आईसी-55281 मेजर संजय कुमार तनवर
राजपूत रेजिमेंट/58 राष्ट्रीय राइफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 02 जनवरी 2007)

02 जनवरी, 2007 को मेजर संजय कुमार तनवर ने जिला उधमपुर (जम्मू-कश्मीर) के जनरल एरिया में घेराबंदी तथा तलाशी ऑपरेशन का नेतृत्व किया। खड़ी चट्टानों पर चढ़ने के लिए फिसलन रस्सों का इस्तेमाल करके सबको हतप्रभ करते हुए 04 जनवरी 2007 को 04.00 बजे लक्षित ढोक को घेरा गया। 06.45 बजे एक आतंकवादी अपने सैनिकों पर अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए बाहर आया। व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना इस अफसर ने भागते हुए आतंकवादी का पीछा किया तथा उसे गोली मार दी।

फिर उन्होंने अन्य आतंकवादियों की ओर से हो रही भारी गोलीबारी को निष्प्रभावी करने के लिए लक्षित ढोक पर गोलीबारी करने हेतु रॉकेट लांचर को निर्देश दिया। तदुपरांत, गोलीबारी करते हुए बाहर आए दो आतंकवादियों को गोली मार दी गई। चूंकि घर के अंदर घुसे चौथे आतंकवादी की ओर से अभी भी गोलीबारी की जा रही थी इसलिए अफसर बगल की दीवार को उड़ाने के लिए विस्फोटक लगाने हेतु रेंगकर आगे बढ़े तथा उसे बाहर आने पर मजबूर कर दिया। एक बार फिर, गोलीबारी के समक्ष होने के बावजूद, अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए दीवार में किए गए छेद के पास रेंगकर आए तथा आतंकवादी पर गोलीबारी करके उसे मार गिराया।

मेजर संजय कुमार तनवर ने शत्रु की गोलीबारी के समक्ष व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना असाधारण वीरता तथा उच्च कोटि के नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

आईसी-55096 मेजर प्रतुल गौरंग मेहता
तोपखाना रेजिमेंट/172 फील्ड रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 02 अप्रैल 2007)

पूर्वी क्षेत्र में प्रतिविद्रोही कार्रवाई के लिए तैनात, कंपनी ऑपरेटिंग बेस के कंपनी कमांडर मेजर प्रतुल गौरंग मेहता ने निम्नलिखित दो तलाशी अभियान चलाए :--

09 जनवरी 2007 को स्थानीय गांव के एक घर में भारी मात्रा में हथियारबंद तीन आतंकवादियों के मौजूद होने की सूचना मिलने पर, मेजर प्रतुल मेहता, अपने त्वरित कार्रवाई दल के साथ उस स्थान पर पहुंचे और घर पर घेरा डाला। उन्होंने अपने दल को गोलीबारी से आड़ उपलब्ध कराने का कार्य सौंपा और अपनी सुरक्षा की बिल्कुल परवाह न करते हुए घर पर धावा बोला और मुठभेड़ में आतंकवादी को दबोच लिया। शेष दो आतंकवादियों को भी उनके पीछे आए अन्य दो जवानों ने दबोच लिया। इस ऑपरेशन से तीन दुर्दांत आतंकवादी पकड़े गए और दो एके-56 हल्की मशीन गन, एक पिस्तौल और दो ग्रेनेड बरामद किए गए।

02 अप्रैल 2007 को जब मेजर प्रतुल मेहता अपने दल के साथ गश्त लगा रहे थे तब उन्हें किसी दूसरे गांव में भारी मात्रा में हथियारबंद चार आतंकवादियों के मौजूद होने का पता चला। वे तुरंत उस स्थान पर पहुंचे और घर पर घेरा डाला। ललकारे जाने पर आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी जिसके परिणामस्वरूप दोनों तरफ से भारी गोलीबारी शुरू हो गई। जब गोलीबारी कम हो गई तो मेजर मेहता अपने दो साथियों के साथ शीघ्र घर के अन्दर प्रविष्ट हुए और आतंकवादियों को मार गिराया। अन्य दो घायल आतंकवादियों को दल के अन्य सदस्यों ने मार गिराया। इस संक्रिया में चार दुर्दांत आतंकवादी मारे गए और दो एके-47 राइफलें बरामद हुईं।

मेजर प्रतुल गौरंग मेहता ने व्यक्तिगत सुरक्षा की बिल्कुल परवाह न करते हुए आतंकवादियों के विरुद्ध लड़ते हुए ओजस्वी नेतृत्व, उच्चकोटि की वीरता का प्रदर्शन किया।

आईसी-54541 मेजर परमवीर सिंह जमवाल
मैकेनाइज्ड इन्फैन्ट्री/9 राष्ट्रीय राइफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 17 जनवरी 2007)

यूनिट स्रोतों से प्राप्त सूचना के आधार पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के साथ राष्ट्रीय राइफल बटालियन विशेष संक्रिया दल, कुलगाम, इन्फैन्ट्री बटालियन (प्रादेशिक सेना) के संयुक्त दलों ने 17 जनवरी 2007 को अनन्तनाग जिले के गांव को घेराबंदी की और तलाशी कार्य शुरू किया।

जब तलाशी का कार्य प्रगति पर था, घर में छिपे आतंकवादियों ने छोटे शस्त्रों से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और दलों पर हथगोले फेंके। अपने दलों पर आए खतरे को भांपते हुए, मेजर परमवीर सिंह जमवाल आतंकवदियों की कारगर गोलीबारी के बावजूद खतरनाक स्थिति के बीच रेंगते हुए पहुंचे, मल्टी ग्रेनेड लांचर से अचूक गोलीबारी की तथा आगे बढ़कर हथगोले फेंके और साथ-साथ अपनी राइफल से गोलियों की बौछार करके दो आतंकवादी का सफाया कर दिया। फिर भी, अफसर ने खिड़की में संदिग्ध हलचल देखी जहां से आतंकवादी ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू की। अफसर ने अत्यधिक सूझबूझ का प्रदर्शन करते हुए अपने आपको खतरे में डालकर तिरछे रेंगकर आश्चर्य चकित करते हुए नजदीकी लड़ाई में तीसरे आतंकवादी का सफाया कर दिया।

मेजर परमवीर सिंह जमवाल ने अपने दल के सैनिकों के जीवन बचाते हुए और प्रतिबंधित घोषित गुट के तीन दुर्दांत आतंकवादियों का सफाया करते हुए भारतीय सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप उत्कृष्ट वीरता का प्रदर्शन किया।

9106682 राइफलमैन रैयास अहमद गनाई
जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैन्ट्री/50 राष्ट्रीय राइफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 13 फरवरी 2007)

निगरानी दल से प्राप्त सूचना के आधार पर 13 फरवरी 2007 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के एक गांव में राष्ट्रीय राइफल बटालियनल ने घेराबंदी की और तलाशी अभियान चलाया।

18.15 बजे लौटते समय गांव के निकट संदिग्ध गतिविधियां देखी गई। नेतृत्व कर रहे स्काउट राइफल गनाई ने दो आतंकवादियों को ललकारा। सैन्य दल शीघ्र ही आतंकवादियों की तीव्र और कारगर गोलीबारी के दबाव में आ गया। उच्च स्तर का युद्ध कौशल दिखाते हुए इन्होंने आड़ ली, जवाबी गोलीबारी में एक आतंकवादी को घायल कर दिया। सघन गोलीबारी शुरू हो गई। अपने सहकर्मियों पर गंभीर खतरे को भांपते हुए,

ये निकट के नाले के भीतर से रेंगते हुए चुपचाप नाले के मुहाने पर तैनात हो गए। पल भर के लिए अपने आपको खतरे में डालकर असाधारण साहस का परिचय देते हुए इन्होंने तत्काल घायल आतंकवादी पर गोली चलाई और उसे मार गिराया। निडर होकर ये बार-बार खतरे का सामना करते रहे। अंत में उत्कृष्ट वीरता का प्रदर्शन करते हुए दूसरे आतंकवादी पर गोली चलाई और एकदम नजदीक आकर उसे मार गिराया।

राइफलमैन रैयास अहमद गनाई ने आतंकवादियों से लड़ते हुए अदम्य साहस, साहचर्य और पेशेवर कौशल का प्रदर्शन किया।

4195647 लांस नायक भवान सिंह (मरणोपरांत)
2 पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 20 मार्च, 2007)

20 मार्च, 2007 को विशेष सूचना मिलने पर पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल) की बटालियन की सबसे अग्रणी सैन्य टुकड़ी कुपवाड़ा जिले (जम्मू-कश्मीर) के एक गांव के लिए रवाना हुई और लगभग 03.20 बजे संदिग्ध घर पर घेराबंदी की। लांस नायक भवान सिंह उस दल के सदस्य थे।

